संख्या-5/2024/149-सामान्य/सैंतालीस-का-4-2024-1/3/96

प्रेषक,

दुर्गा शंकर मिश्र,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त अपर मुख्य सचिव / प्रमुख सचिव / सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

कार्मिक अनुभाग-4 लखनऊ : दिनांक : 21 जून, 2024

विषय:- सरकारी अधिकारियों/ कर्मचारियों की वार्षिक स्थानान्तरण नीति वर्ष-2024-25 के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सरकारी अधिकारियों/ कर्मचारियों की वार्षिक स्थानान्तरण नीति वर्ष 2024-25 विषयक शासनादेश संख्या-4/2024/144-सामान्य/सैंतालीस-का-4-2024-1/3/96, दिनांक 11 जून, 2024 के प्रस्तर-4 (ii) में यह व्यवस्था है कि समूह 'क' के अधिकारियों को उनके गृह जनपद में तैनात नही किया जायेगा। इस संबंध में समूह 'क' के जिन अधिकारियों के पद मण्डल स्तर के हैं उन्हें स्थानान्तरित किये जाने की व्यवस्था को स्पष्ट किये जाने की आवश्यकता है।

2- उपरोक्त वर्णित स्थिति में स्थानान्तरण नीति वर्ष 2024-25 के प्रस्तर-4(ii) में निम्नवत व्यवस्था की जाती है:-

**''समूह 'क' के अधिकारियों को उनके गृह जनपद में तैनात नहीं किया जायेगा किन्तु समूह 'क' के ऐसे अधिकारियों जिनके पद मण्डल स्तरीय हैं उन्हें उनके गृह मण्डल में तैनात नहीं किया जायेगा।''**

3- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि स्थानान्तरण नीति वर्ष 2024-25 के उपरोक्त प्रस्तर-4(ii) की व्यवस्था के अनुसार स्थानान्तरण किये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

दुर्गा शंकर मिश्र
मुख्य सचिव।

संख्या-5/2024/149-सामान्य/सैंतालीस-का-4-2024-1/3/96, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल।
2. अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्य मंत्री।
3. निजी सचिव, मा0 मंत्रिगण।
4. स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन।
5. प्रमुख सचिव, विधान परिषद/विधान सभा, उत्तर प्रदेश।
6. निदेशक, सूचना, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
7. समस्त विभागाध्यक्ष/ कार्यालयाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।
8. समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
9. समस्त कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
10. सचिवालय के समस्त अनुभाग।

आज्ञा से,

डा0 देवेश चतुर्वेदी
अपर मुख्य सचिव।

1-यह शासनादेश इलेक्ट्रानिक्ली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in/ से सत्यापित की जा सकती है।